# प्रेस नोट
## थाना बबीना, जनपद झाँसी

दिनांक: 24.07.2026

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना बबीना पुलिस द्वारा चोरी के ऑटो सहित अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24.07.2026 को थाना बबीना पुलिस द्वारा खैलार नहर से गोपालपुरा जाने वाले मार्ग से अभियुक्त 1. अमन दूबे उर्फ अमन लंगड़ा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से थाना बबीना पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 200/2026, धारा 305/317(2) बीएनएस से संबंधित चोरी गया तीन पहिया ऑटो संख्या UP93CT9071, एक अवैध 12 बोर तमंचा एवं 02 जीवित 12 बोर कारतूस बरामद किए गए।

गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना बबीना पर मु0अ0सं0-239/2026, धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

अमन दूबे उर्फ अमन लंगड़ा पुत्र राजेश उर्फ राजू दूबे, उम्र लगभग 36 वर्ष, निवासी राजघाट, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी।

**बरामदगीः-**

एक तीन पहिया ऑटो संख्या UP93CT9071 (चोरी का)

एक अवैध तमंचा 12 बोर

दो जीवित कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

निरीक्षक श्री चन्दन सरोज, प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना

उ0नि0 अनुज सिंह

क0 581 प्रदीप कुमार

रिक्रूट आरक्षी राहुल यादव

रिक्रूट आरक्षी ऋषभ पाल

रिक्रूट आरक्षी देवशंकर